थापर इंस्टीट्यूट के ग्लोबल समिट में उच्च शिक्षा के भविष्य पर चर्चा

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

अमर उजाला

Page No. 04 Dated 14-04-2026

थापर इंस्टीट्यूट के ग्लोबल समिट में उच्च शिक्षा के भविष्य पर चर्चा

चंडीगढ। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की तरफ से ऑर्गनाइज ग्लोबल एकेडमिक लीडरशिप समिट 2026 रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दो दिन की कॉन्फ्रेंस में इंडस्ट्री की दुनिया के एकेडेमिक्स, रिसर्चर्स और एक्सपर्ट्स ने उच्च शिक्षा के भविष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लगातार विकास जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। यह समिट 11-12 अप्रैल को चंडीगढ़ के एक होटल और टीआईईटी कैंपस, पटियाला में आयोजित किया गया था। इसमें आई आईटी, आईआईएम समेत कई बड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। चीफ गेस्ट अनिल सहस्त्रबुद्धे ने हायर एजुकेशन में इनोवेशन और सरकारी इनिशिएटिव्स की भूमिका पर जोर दिया। पहले दिन डेवलप्ड इंडिया @2047 और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे टॉपिक्स पर चर्चा हुई। दूसरे दिन रिसर्च, ग्लोबल रैंकिंग और एसडीजी गोल्स पर चर्चा की गई। एक्सपर्ट्स ने एजुकेशन और इंडस्ट्री के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत बताई। अंतिम सत्र में इंस्टीट्यूट ने शिक्षा की गु□णवत्ता सुधारने और ग्लोबल लेवल पर इनोवेशन को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता जगाई। आयोजकों के अनुसार इस समिट की सिफारिशें भविष्य की एजुकेशन पॉलिसी और पार्टनरशिप को गाइड करेंगी।